हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 2 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

जिले को मिली आधा दर्जन नई संजीवनी 108 एम्बुलेंस 4



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि में वृद्धि

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल की समयसीमा निर्धारित की गई थी। जिसमे वृद्धि करते हुए आवेदन अब 10 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। यह अधिसूचना भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर कैटेगरी (पुरुष) में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर ट्रेडमैन (दसवीं), ट्रेडमैन (आठवीं) अग्निवीर (महिला) सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर में नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य पुरूष अथवा महिला उम्मीदवार वेबसाइट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते है।

### डभराखुर्द में हनुमान जयंती आज, होगा महआरती

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द के श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर 2 अप्रैल गुरुवार को 24 घंटे का अखंड रामायण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में ग्राम डभराखुर्द के हनुमान मंदिर के पुजारी अंकुर दास वैष्णव ने बताया कि 2 अप्रैल दिन गुरुवार को 24 घंटे का अखंड रामायण होगा। इसके साथ ही संध्या 7 बजे हनुमान महाराज का महा आरती भी होगा। उसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

### चुभन भरी गर्मी का हो रहा एहसाए शीतल पेय पदार्थो की बढ़ी मांग

**जांजगीर-चांपा।** इन दिनों गर्मी ने पूरे तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। लोग बिना स्कार्प व गमछा के घर से बाहर नहीं निकल रहे है। लोग शीतल पेय पदार्थो का जमकर सेवन कर रहे है। जिससे उन्हें गर्मी से थोड़ी बहुत राहत मिल सके। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच गर्मी पूरे शबाब पर रहती है। प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा यात्रा के दौरान हमेशा पीने का पानी साथ रखें। हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय सुरक्षात्मक चश्मा, छाता या टोपी का उपयोग करें। सिर को ढकने के लिए तौलिया या कपड़ा तथा पैरों में जूते या चप्पल पहनना आवश्यक बताया गया है। आहार में हल्का भोजन शामिल करें और पानी की मात्रा से भरपूर फल जैसे खरबूजा, ककड़ी और खट्टे फल का सेवन करें। मांस और नट्स जैसे उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए।

### वीडियो चैलेंज, क्विज एवं लोगो डिजाइन प्रतियोगिता

**जांजगीर-चांपा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा देशभर के युवाओं को ग्रामीण विकास और आजीविका से जोड़ने हेतु माय भारत पोर्टल के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान विकसित भारत जी राम जी युवा डिजिटल अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से युवा वीडियो चैलेंज, क्विज और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर डिजिटल जनआंदोलन से जुड़ सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि लोगो डिजाइन हेतु 4 अप्रैल, वीडियो चैलेंज हेतु 5 अप्रैल एवं क्विज प्रतियोगिता हेतु 7 अप्रैल निर्धारित की गई है। सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन करने वाले विजेता को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 50 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं।

### मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी की घटना

# घर में सो रहे में बुजुर्ग दम्पती की हत्या कमरे में मिली खून से सनी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पत्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घर के अंदर एक ही कमरे में दोनों की रक्त रंजीत लाश मिली। महिला के गले से सोने का हार गायब है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में संतराम साहू (65 वर्ष) अपनी पत्नी श्याम बाई साहू (61 वर्ष) के साथ रहता था। उसके दो बेटे अपने अपने परिवार के साथ गांव में ही अलग अलग घर में रहते हैं। संतराम का बेटा हरिशंकर साहू बुधवार 1 अप्रैल की सुबह जब अपने पिता के घर पहुंचा तो कमरे में माता और पिता की खून से सनी लाश देखकर उसके होश उड़ गए। पिता संतराम का शव जमीन पर पड़ा था, जबकि मां श्याम बाई की लाश खाट पर थी। धारदार हथियार से गला रेत कर दोनों की हत्या कर दी गई थी। महिला के गले से सोने का हार गायब था। घटना की सूचना पर मुलमुला पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू की। वहीं एफ एस एल और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय खुद घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। घटना स्थल पर मिला होली का मुखौटाघटना स्थल से पुलिस को होली का मुखौटा और नकली बाल मिला है। पुलिस का मानना है कि अपराधी ने अपनी पहचान छिपाकर हत्या को अंजाम दिया। घर के फर्श पर खून से सने पैर के निशान भी मिले हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी घर के पास लगे पेड़ के सहारे चढ़कर छत से अंदर आया। पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।


घटना स्थल की जांच करते पुलिस के अफसर।



### घटना स्थल पर मिला होली का मुखौटा

घटना स्थल से पुलिस को होली का मुखौटा और नकली बाल मिला है। पुलिस का मानना है कि अपराधी ने अपनी पहचान छिपाकर हत्या को अंजाम दिया। घर के फर्श पर खून से सने पैर के निशान भी मिले हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी घर के पास लगे पेड़ के सहारे चढ़कर छत से अंदर आया। पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

### हर पहलू से जांच

बुजुर्ग दम्पत्ति की हत्या के मामले में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। डॉग स्क्वॉड के साथ ही फॉरेनसिक और साइबर टीम की मदद से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

**-विजय पाण्डेय,**
एसपी, जांजगीर चांपा


पालिका में टैक्स जमा करने पहुंचे शहरवासी।

# 1 करोड़ 21 लाख से अधिक की वसूली रह गई बाकी

## अब जुर्माना के साथ जमा करना होगा पालिका में टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला को 3 करोड़ 72 लाख 49 हजार रुपए के राजस्व वसूली का टारगेट मिला हुआ था जिसके तहत पालिका द्वारा 2 करोड़ 51 लाख 18 हजार की वसूली की गई है।वहीं अभी भी 1 करोड़ 21 लाख 31 हजार रुपए का टैक्स वसूल करना बाकी है। इधर वित्तिय वर्ष भी समाप्त हो चुका है। इसके बाद अब पालिका में टैक्स जमा करने वाले लोगो पर जुर्माना के साथ राशि जमा की जाएगी।

पालिका प्रशासन जांजगीर-नैला को हर साल शहर में रहने वाले लोगों से टैक्स वसूल किया जाना रहता है वहीं इस राशि का उपयोग कर्मचारियों को वेतन सहित शहर के विकास में खर्च किया जाना रहता है। वित्तीय वर्ष 2025 एवं 26 में पालिका प्रशासन को लोगों से 3 करोड़ 72 लाख 49 हजार रुपए के टैक्स वसूली का लक्ष्य मिला था। वहीं इसके एवज में पालिका प्रशासन लोगों से 2 करोड़ 51 लाख 18 हजार रुपए की वसूली कर चुका है जबकि अभी भी 1 करोड़ 21 लाख 31 हजार रुपए की टैक्स वसूली करना बाकी रह गया है, वही वित्तीय वर्ष भी अब समाप्त हो चुका है। शहर में लोग काम सहित अन्य कार्यों के लिए शहर में आकर बस जा रहे हैं इसके बदले शहर में रहने वाले लोगों को हर साल पालिका प्रशासन को टैक्स देना रहता है ताकि इस राशि का उपयोग शहर के विकास कार्य के साथ पालिका में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन देने के काम आ सके, लेकिन टैक्स वसूली कार्य को लेकर जिम्मेदार पालिका प्रशासन के लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते टैक्स की समुचित वसूली नहीं हो पा रही है। जिससे पालिका को करोडों का नुकसान हो रहा है।

### लगेगा जुर्माना

पालिका प्रशासन को 3 करोड़ 72 लाख से अधिक का टैक्स वसूली का टारगेट मिला है। 2 करोड़ 51 लाख से अधिक की टैक्स वसूली की जा चुकी है। अब लेट से टैक्स जमा करने वाले बकायादारों को जमा राशि के साथ जुर्माना भी देना पडेगा।

**सूर्योत्तम अनंत,**
प्रभारी, राजस्व शाखा
नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला

# कबाड़ में तब्दील हो रही पंचायतों में बनी गुमटियां, प्रशासन का नहीं ध्यान


कबाड़ हो रही गुमटियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


जांजगीर व जिला सक्ती के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से बने अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने पंचायतों में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है, लेकिन कई स्थानों पर दुकाने पड़े पड़े कबाड़ हो रही हैं। कई गांव में आबंटन का पेंच फंसा होने के कारण दुकाने बंद पड़ी हैं। वहीं बहुत से ऐसे भी दुकान हैं, जिनका आबंटन होने के बाद भी उपयोग नहीं किया जा रहा।

### खास बात

- बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोडने बनाया गया व्यवसायिक परिसर

गांव के बेरोजगारों को ग्रामीण स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने करोड़ों रुपए की लागत से अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, लेकिन इन परिसरों का उपयोग सालों बाद भी नहीं हो पा रहा है। इस तरह की स्थिति बहुत से ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रही है। बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमरीद मे 8 लाख की लागत से पांच अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, ताकि गांव के शिक्षित युवा बेरोजगार मोबाइल कंप्यूटर किराना दुकान पान दुकान एवं अन्य संस्थानों का संचालन कर सके, लेकिन दुकानों में ताला लटका हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिसौद में बना अटल व्यवसायिक परिसर खाली पड़ा हुआ है। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर में 5 लाख की लागत से बने कॉम्पलेक्स की अधिकांश दुकाने बंद हैं। यहां के व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा है, जबकि गांव में शिक्षित युवा बेरोजगारों की कोई कमी नहीं है। ग्राम पंचायत तालदेवरी में भी अटल व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत बंसुला और लखुर्री में भी अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो राज्य शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवा बेरोजगार गांव स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लाखों रुपए खर्च किये गए हैं, लेकिन योजना का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों में नजर नहीं आ रहा है।

## गला तर करने आए तरबूज...


**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में शिवरीनारायण के अलावा पडोसी जिला बलौदा बाजार के कटगी, लवन, गिधौरी सहित अन्य क्षेत्रो से बडी मात्रा में तरबूज बिक्री के लिए आ रहे है।

### जनपद पंचायत जैजैपुर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** एस.आई.एस. इंडिया कंपनी लिमिटेड अनूपपुर एवं एसआईएस लिमिटेड रायगढ़ ब्रांच द्वारा जिला सक्ती अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत जैजैपुर में 2 अप्रैल को, मालखरौदा और सक्ती में 3 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। वहीं एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जैजैपुर में 22 अप्रैल को, डभरा में 23 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा।

# बगैर पंजीयन खाद्य व्यवसाय संचालन करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अग्रसेन भवन सक्ती में अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान खाद्य व्यवसाय संचालकों से कुल 50 खाद्य पंजीयन आवेदन प्राप्त हुए। विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 5 पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए गए।



खाद्य अधिकारी ने बताया कि बगैर पंजीयन के खाद्य व्यवसाय संचालन पर कार्रवाई होगी। साथ ही सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की गई कि वे अनिवार्य रूप से खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन बनवाएं और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य एवं गल्ला किराना संघ के अध्यक्ष सुनील बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### हस्ताक्षर अभियान के बाद विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# भारी पड़ रहा रायगढ़ का चक्कर, जिले में विश्वविद्यालय की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में शासकीय विश्वविद्यालय की कमी खलने लगी है। खास करके विश्वविद्यालयीन संबंधित कामकाज के लिए रायगढ़ का चक्कर लगाना छात्र छात्राओं और प्राध्यापकों को भारी पड़ रहा है। ऐसे में जांजगीर चांपा जिले में शासकीय विश्वविद्यालय की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

गौरतलब है कि जिले के महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय संबंधी कामकाज के लिए 100 किमी की दूरी तय करके रायगढ़ जाना पड़ता है, जबकि जांजगीर चांपा जिले में ही विश्वविद्यालय के अनुरूप शासकीय और अशासकीय विश्वविद्यालय संचालित है। ऐसे में जांजगीर जिले में शासकीय विवि स्थापना की मांग जोर पकडने लगी है। इस विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया , जिसमें जिले भर के अनेक शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं ने इस अभियान की सराहना करते हुए अपना समर्थन दिया, जिसे अभाविप जांजगीर-चांपा द्वारा संकलित कर शासकीय विश्वविद्यालय की मांग के ज्ञापन के साथ संलग्न कर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी जांजगीर चांपा के जिला संयोजक उदय पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनामिका सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ तिवारी, नगर सहमंत्री आर्यन सिंह, नगर सहमंत्री शिवांश सिंह, महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य रितेश राठौर शामिल रहे।


कलेक्टर को मांग पत्र सौंपते अभाविप के पदाधिकारी।

# समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से करें कार्य : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जाति प्रमाण पत्र, उल्लास योजना, अपार आईडी एवं आधार एमबीयू से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने प्रत्येक विद्यालय में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के साथ नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा दिंश दिए गए। इसके साथ ही समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने राजस्व अधिकारियों को एआई के महत्व एवं उसके व्यावहारिक उपयोगों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### जागृति शाखा को उत्कृष्ट शाखा से किया गया सम्मानित



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रांत की सभी शाखाएं सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा कोरबा को जनसेवा मानवसेवा एवं मंचीय कार्यक्रमों के उत्कृष्ट एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। शाखा को उत्कृष्ट शाखा सम्मान एवं सक्रिय शाखा के रूप में सम्मानित किया। जागृति शाखा कोरबा की अध्यक्ष दुर्गा बजाज के कुशल नेतृत्व में उनकी पूरी टीम मेंबर के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर समर कैंप एग्ज़ीविशन, अमृतधारा धार्मिक कार्यक्रम शिक्षक दिवस एवं बाल दिवस जैसे अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है।

### सरपंच ने कोयला मंत्री प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने क्षेत्र के प्रभावित किसानों के साथ मिलकर स्थानीय विधायक प्रेमचंद पटेल के माध्यम से कोयला मंत्री एवं प्रधानमन्त्री के नाम ज्ञापन दिया गया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली कृषि एवं आवासीय भूमि का एसईसीएल दीपका क्षेत्र के द्वारा 2004-2010 में अधिग्रहण किया गया है एवं 2025 में अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसमें लगभग 212 एकड़ कृषि भूमि को अधिग्रहण से बाहर रखा गया है। प्रभावित किसान न तो उस जमीन पर खेती कर पायेंगे और न ही मकान बना पायेंगे। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### राशि स्वीकृत होने के 6 माह बाद भी नहीं शुरु हो सका गोदाम



**कोरबा।** चैतमा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के मांग पर खाद भंडारण के लिए गोदाम की स्वीकृति 6 महीने पूर्व मिली थी किंतु काम आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है। वर्तमान में मात्र एक गोदाम है जिसमें कृषि कार्य में उपयोग होने वाले सभी खाद का भंडारण नहीं हो पता है जिसके कारण किसानों को समय में महंगे दामों पर बीज की खरीदी करनी पड़ती है। जिसे देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा चैतमा में 6 माह पूर्व 19 लाख रुपए की लागत से गोदाम निर्माण हेतु स्वीकृत हुआ था जिसकी पहली किश्त निकल भी जा चुकी है किंतु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। दो-तीन माह बाद बारिश का मौसम आ जाएगा तथा कृषि कार्य भी आरंभ हो जाता है ऐसे में गोदाम के अभाव में खाद का भंडारण हो पाना असंभव दिख रहा है। क्षेत्रीय किसानों को इस वर्ष भी मनचाही खाद बीज के लिए भटकना पड़ सकता है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानिकपुर के आश्रित मोहल्ला साजबहरी में पंचायत चुनाव से पूर्व मंच निर्माण के लिए जनपद मध्य से 3 लाख रुपए स्वीकृति हुई थी उसमें से भी पहली किस्त निकाल लिया गया है किंतु कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रबंधक कमल दुबे ने बताया कि खाद बीज भंडारण के लिए जगह के अभाव के कारण गोदाम बनाने के लिए मांग की गई थी जो स्वीकृत भी हो चुका है किंतु कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जिससे आने वाले दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# बालको के उन्नति उत्सव में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने उन्नति परियोजना के अंतर्गत वार्षिक उन्नति उत्सव 2026 का आयोजन किया। इसमें स्व सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं सहित लगभग 8सौ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

**अलग खबर**

बालको के सीईओ एवं मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने कहा कि उन्नति उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उन्नति परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय रूप से सक्षम बनाना और उन्हें अपनी अभिव्यक्ति के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है। यह पहल एक समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में बालको की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बालको इस परियोजना के माध्यम से लगातार प्रयासरत है ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकें। बालको के सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों तथा विशिष्ट अतिथि मनीषा कुमार द्वारा 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। कोसाकारी ब्रांड फिल्म और वेबसाइट का भी अनावरण किया गया, जो स्थानीय कोसा सिल्क को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही महिलाओं की सफलता पर आधारित उन्नति महासंघ की पहली पत्रिका सृष्टि का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया। अतिथियों ने वेदांता स्किल स्कूल, मोर जल मोर माटी, आरोग्य, उन्नति, तीरंदाजी एवं नंद घर के स्टॉल का अवलोकन किया, जहां पर बालको के सामुदायिक विकास की विस्तृत जानकारी दी जा रही थी। उत्सव में चाक की मदद से मिट्टी के बर्तन बनाने तथा कोसा सिल्क से साड़ी बुनाई का स्टॉल आंगतुकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था। इस अवसर पर बालको लेडिज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार सहित कंपनी के वरिष्ठ एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बालको की उन्नति परियोजन' इसी परिवर्तन की सशक्त मिसाल है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। परियोजना का संचालन सोशल रिवाइवल ऑफ ग्रुप अर्बन रूरल एंड ट्राइबल (स्रोत) के सहयोग से किया जा रहा है।

## 15 महिलाओं का किया गया सम्मान

**खास बात**

- परियोजना के माध्यम से महिलाओं की सशक्त पहचान बनाने का क्षेत्र में हो रहा है कार्य




## उद्योग मंत्री व महापौर ने बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

# समाज को सच का आइना दिखाने का कार्य करते हैं पत्रकार : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पत्रकारबंधु एक ऐसा दर्पण होते हैं, जो समाज को सच का आईना दिखाने का कार्य करते हैं। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता

**खास बात**

- एलईडी प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीवी, साउंड सिस्टम का हुआ लोकार्पण

पत्रकारिता का मूलमंत्र है, समाचार पत्रों में जो छपता है, मीडिया में जो दिखता है, आमजन मानस उसे ही सच मानकर चलता है, अतः यह आवश्यक है कि समाचारों में निष्पक्षता, पारदर्शिता व निर्भीकता होनी ही चाहिये। प्रेस क्लब कोरबा एक ऊर्जावान संस्था है, जो पत्रकारिता व पत्रकारबंधुओं के हितों की रक्षा के लिये निरंतर कार्य कर रही है।




लोकार्पण समारोह के दौरान उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रेस क्लब में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने दिये गये अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि जब मैं कोरबा का महापौर था, उस समय प्रेस क्लब का निर्माण किया गया, उस समय भी और आज भी नगर निगम कोरबा द्वारा प्रेस क्लब के विकास व अन्य गतिविधियों के लिये लगातार सहयोग दिया जा रहा है, विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इस मौके पर पत्रकारबंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे सदैव आप लोगों का स्नेह, आशीर्वाद व मार्गदर्शन मिलता आया है, मैं विश्वास रखता हूं कि आपका यह प्यार, स्नेह भविष्य में भी मुझे निरंतर प्राप्त होता रहेगा। इस दौरान वार्ड क्र. 35 खरमोरा डाइट बिल्डिंग तिलक नगर पत्रकार कालोनी के समीप एनटीपीसी के सीएसआर मद से 15 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, जिसका वर्चुअल भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 24 तिलक भवन प्रेस क्लब में पार्षद पंकज देवांगन के पार्षद मद से एलईडी प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीव्ही, साउण्ड सिस्टम व स्क्रीन स्थापना आदि का कार्य कराया गया है। कोरबा प्रेस क्लब के स्थापना दिवस के अवसर पर तिलक भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने अलग-अलग विषयों पर पत्रकारों को अपना वक्तव्य दिए। इस मौके पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने वरिष्ठ पत्रकारबंधुओं का साल व श्रीफल से सम्मान किया।

## सांत्वना फाउंडेशन सोसाइटी ने प्याऊ सेवा का किया शुभारंभ



प्याऊ का शुभारंभ करते सोसायटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ (शीतल जल सेवा) का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों, राहगीरों एवं यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल परिसर (2 प्याऊ), सीएसईबी चौक एवं मुड़ापार चौक, घंटाघर चौक निहारिका में कुल 6 निःशुल्क प्याऊ प्रारंभ किए गए हैं, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को गर्मी में राहत मिलेगी। इस अवसर पर संतवना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वर्गीस एवं संस्था के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना की। सुनील वर्गीस ने कहा कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण कार्य है। संतवना फाउंडेशन आगे भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करता रहेगा। संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छ, ठंडा एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध रहे तथा नियमित रूप से उनकी देखरेख की जाए।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की बिगड़ी तबीयत संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले में रहने वाला एक 35 वर्षीय युवक अद्तन शराबी था और नशे की लत की वजह से परिजनों ने उसे शहर के एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। जहां उसकी

**खास बात**

- पड़ोसी जिला सक्ती बाराद्वार से कुछ दिन पहले ही हुआ था भर्ती

अचानक तबियत बिगड़ी और तबियत बिगड़ने पर नशा मुक्ति केंद्र द्वारा उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं परिजनों ने नशा मुक्ति प्रबंधन पर लापरवाही






मृतक

का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति थाना बाराद्वार के ग्राम केसला में निवासरत सुरेंद्र राठौर उम्र 35 वर्ष पिता चुन्नीलाल राठौर आदतन शराबी था। नशे की लत की वजह से सुरेंद्र के पिता चुन्नीलाल ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबाहर खरमोरा में संचालित जीवन आशा नशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन के संचालक राजू राजपूत द्वारा चुन्नीलाल से संपर्क किया गया था और 26 मार्च को उसके गृह ग्राम जाकर उसे अपने कार में लाया गया था और उसे पोड़ीबहार स्थित खरमोरा जीवन आशा नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किया गया था। बताया जाता है कि सोमवार की शाम सुरेंद्र राठौर के अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद जीवन आशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन द्वारा सुरेंद्र राठौर को जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने सुरेंद्र राठौर को मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत जीवन आशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन द्वारा सुरेंद्र राठौर के परिजनों को इसकी सूचना दी गई थी जहां सुरेंद्र राठौर के परिजन चुन्नीलाल जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचे थे जहां उन्होंने जीवन आशा नशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पीएम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सुरेंद्र की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### मंत्री के काफिले पर खेल-खेल में बच्चों ने फेंका पत्थर

**कोरबा।** उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का काफिला एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकली थी। इस दौरान सड़क किनारे कुछ नाबालिक बच्चों ने खेल खेल में ही मंत्री लखनलाल देवांगन के काफिल के गाड़ी पर पत्थर फेंक दिया। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किशोरों को हिरासत में ले लिया था लेकिन बाद में समझाइश के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को साहू समाज के भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन जा रहे थे। इस दौरान उनके काफिले में खड़ी एक गाड़ी पर अचानक पत्थर का टुकड़ा आकर गिरा। जिसकी सूचना चौकी मानिकपुर को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में जांच शुरू की और मौके पर मौजूद चार नाबालिगों को चौकी बुलाकर पूछताछ की। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह कोई सुनियोजित पथराव नहीं था। बल्कि खेल खेल में ही पत्थर फेंका गया था। घटना की जानकारी मिलने पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्वयं चौकी प्रभारी से फोन पर बात की और बच्चों को तत्काल छोड़ने के निर्देश दिए। बाद में पुलिस ने नाबालिक बच्चों के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।

### जनगणना तक अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश रद्द

**कोरबा।** जनगणना 2027 के महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने हेतु कोरबा जिला प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी शुरू की गई है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा अभियान की गंभीरता को देखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी निर्देशानुसार जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार के व्यवधान को रोकने और अपरिहार्य परिस्थितियों में प्राप्त होने वाले अवकाश आवेदनों के विधिवत निराकरण हेतु जिला स्तर पर एक समीक्षा समिति का गठन किया गया है। यह समिति जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले अवकाश आवेदनों की गहन समीक्षा करेगी और अपनी अनुशंसा के साथ प्रस्ताव अंतिम निर्णय हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगी। गठित समिति में तुलाराम भारद्वाज को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर को सदस्य सचिव तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी हेमंत जायसवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## 26 सिलेंडर जब्त होने के बाद खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन द्वारा प्रदेश भर में चलाए गए अभियान के तहत 375 प्रकरण तैयार कर 3 हजार से अधिक सिलेंडर जप्त किए गए थे उसमें कोरबा जिले के खाद्य विभाग के द्वारा 6 प्रकरण तैयार कर 26 सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही शामिल है। जबकि शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में ठेले गुमटियों से लेकर रेस्टोरेंट और होटलों तक कामर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग बेधड़क हो रहा है।

मीडिल ईस्ट में युद्ध शुरु होने के बाद से सबसे बड़ी समस्या घरेलू गैस की सप्लाई बाधित होने के रुप में सामने आयी और इसकी कालाबाजारी जो पूर्व से हो रही थी वह रफ्तार पकड़ती उसके पूर्व खाद्य विभाग ने घरेलू सिलेंडर का कामर्शियल उपयोग किए जाने को लेकर होटल रेस्टोरेंट सहित जनरल स्टोर में जब छापामार की कार्यवाही की तो घरेलू सिलेंडरों के उपयोग के मामले ताबड़तोड़ पकड़ में आने लगे और इस दौरान विभाग के द्वारा केवल 6 प्रकरण ही तैयार किए गए जिसमें महज 26 सिलेंडर जप्त किए गए हैं। इस तरह की कार्यवाही विभाग के द्वारा केवल शहरी क्षेत्र में ही आयी है। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी बालको, कुसमुण्डा, दीपका जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में भी हो रही है इन क्षेत्रों के गुमटियों और होटल रेस्टोरेंट में कामर्शियल सिलेंडरों की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किए जाने की शिकायतें सामने आयी है। आम लोगों को उपनगरीय क्षेत्रों में भी शहर में हुई कार्यवाही की तरह इंतजार बना हुआ है। सिलेंडर को लेकर मारामारी अभी भी कम नहीं हुई है। जिले के कई क्षेत्रों में अभी भी बुकिंग के 20 दिन बाद सिलेंडर मिल रहा है और पहली बुकिंग के 25 दिन बाद दूसरी बुकिंग का नियम चालू किया गया है लेकिन उसके बावजूद होटलों गुमटियों में घरेलू सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। गैस एजेंसियों में सिलेंडर की बुकिंग कराने पूर्व की अपेक्षा लोगों की संख्या ज्यादा हो रही है।

**न्यायालय तहसीलदार उपतहसील राहौद**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**नोटिस**
क्रमांक/300/वाचक / ना. तह./2026
दिनांक 31/3/2026
प्रति,
राज पिता कुमार साकिन सुकुलपारा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा
विषयः-न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदकगण शिवकुमार वगै. पिता फिरतु जाति यादव साकिन सुकुलपारा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम सुकुलपारा में आवेदकगण के पूर्वज सहदेव वगै. के नाम पर पैतृक वादभूमि ख.न.944, 1630, 2528/1, 2531, 2572 रकबा क्रमशः 0.069, 0.146, 0.053, 0.069, 0.1 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0. 511 हे. तथा ख.न. 2217 रकबा 0.045 हे. राज पिता कुमार के नाम पर तथा ख.न. 2529/1 रकबा 0.061 हे. भूमि ना मालुम के नाम पर त्रुटिपूर्ण दर्ज है। वादभूमि पर आवेदकगण काबिज कास्त है पूर्व पारित नामांतरण अनुसार वादभूमि को सभी जीवित वारीसो के नाम पर दर्ज कराकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराना चाहते है।
उक्त संबंध में दिनांक 08/04/2026 को न्यायालय नायब तहसीलदार पामगढ़ में सुबह 11.00 बजे उपस्थित होवें।
**तहसीलदार**
**राहौद**

## 2018 से किया जा रहा है मातृछाया का संचालन

# सेवा भारती में आयोजित हुआ दत्तक ग्रहण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा भारती कोरबा के मातृछाया परिसर में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत गोद भराई की रस्म के साथ दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पूर्ण कर एक परिवार को बच्चे को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती श्रद्धा पांडेय के साथ उपस्थित रहे। साथ ही बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम पाठक, सेवा भारती कोरबा के अध्यक्ष डा. विशाल उपाध्याय एवं श्रीमती प्रीति उपाध्याय उपस्थित रहे।




इस अवसर पर डा. विशाल उपाध्याय ने सेवा भारती की स्थापना (रामनवमी 2018) से लेकर वर्तमान तक के विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम पाठक ने दत्तक ग्रहण एवं फोस्टर केयर की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। मुख्य अतिथि अजय पांडेय ने कहा कि वेदों में वर्णित नर सेवा ही नारायण सेवा का भाव सेवा भारती कोरबा द्वारा सार्थक रूप में निभाया जा रहा है। उन्होंने मातृछाया में सेवा दे रही यशोदा माताओं के समर्पण की सराहना करते हुए दत्तक ग्रहण करने वाले परिवार को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान गोविंद माधव द्वारा एकल गीत एवं श्रीमती रेखा सिंह द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन गोविंद माधव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती से जुड़े अन्य सेवाभावी कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झोराघाट पिकनिक स्पॉट जाने वाले मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ईंटों से लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त ट्रैक्टर की चपेट में कोई राहगीर नहीं आया, जिससे एक बड़ी जनहानि होने से बच गई।

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष: (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

## लाइफ Style



# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

## हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

## टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत

**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।' लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।



# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का' की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का' एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण' की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण' की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।' लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## खबर संक्षेप

### अमोरा में मनाया जा रहा हनुमान जन्मोत्सव, सभापति हुए शामिल



**जांजगीर-चांपा।** श्री नव दुर्गा शक्ति पीठ परिवार एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम अमोरा (महंत) में श्री महावीर हनुमान जन्मोत्सव एवं मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन के प्रथम दिवस 31 मार्च मंगलवार भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू शामिल हुए। कलश यात्रा शनि देव मंदिर भाठापारा (रामसागर तालाब) से प्रारंभ होकर पूरा गांव घूमते हुए पुनः शनि मंदिर पहुंची। इस दौरान 500 से ज्यादा कलश यात्री शामिल हुये। कलश यात्रा के दौरान सभापति राजकुमार साहू साथ-साथ चल रहे थे। आयोजन में एक अप्रैल से 4 अप्रैल शनिवार तक भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 4 अप्रैल शनिवार, दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया हैं।

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा, आवेदन 17 अप्रैल तक

**सक्ती।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की सूचना जारी कर दी गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लेट तथा एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तक निर्धारित की गई है तथा प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 10 मई को निर्धारित की गई है।

### पीएमएस स्किम के तहत सक्ती जिला प्रबंधक बने रामनरेश



**सक्ती।** आईसेक्ट मुख्यालय भोपाल द्वारा नये पीएमएस स्किम के तहत जिला सक्ती के लिए रामनरेश सिंह यादव को जिला प्रबंधक चयनित किया गया है। उनकी यह नियुक्ति वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए होगी। श्री यादव ने अपनी इस नियुक्ति पर आईसेक्ट सी.वी.रमन के चेयरमैन संतोष चौवे एवं डायरेक्टर योगेश मिश्रा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे सक्ती जिले मे पीएमएस स्किम का प्रचार प्रत्येक पंचायत स्तर पर ले जाकर लोगों को जागृत करने के लिए काम करेंगे।

### जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने राहुल, कार्यकर्ताओं में हर्ष



**जांजगीर-चांपा।** जिले में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए युवा कांग्रेस ने राहुल टंडन को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति युवा कांग्रेस कार्यालय, जांजगीर-चांपा द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के तहत की गई है। आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पटानिया एवं सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुमति से यह नियुक्ति हुई है।

### किकिरदा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 5 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के ठाकुर देव चौक में बांके बिहारी एवं लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण और राधा मैया की कृपा से एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म संगीत में श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 5 अप्रैल दिन रविवार को कलश यात्रा एवं बेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कथावाचक रघुनाथ दास महाराज होंगे। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन 12 अप्रैल को हवन पूजन एवं शहस्त्रधारा और भंडारा के साथ होगा। आयोजन की आवश्यक तैयारियां समस्त मोहल्ले वासियों के द्वारा की जा रही है। आयोजक ने समस्त श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने की अपील की है।

### लोक सेवा केन्द्रों में होगी आवेदनों की जांच

**कोरबा।** आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से संबंधित आवेदनों की जांच और प्रविष्टि शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से की जाए और इन सेवाओं का समयबद्ध निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कोटवारों के माध्यम से कराया जाए।

## निधन

### चंद्रभान सिंह दिनकर



**कोसला।** ग्राम पंचायत बारगांव के प्रतिष्ठित नागरिक चंद्रभान सिंह दिनकर का 26 मार्च को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र ने दी। इस दौरान सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष व जिपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# जिले को मिली आधा दर्जन नई संजीवनी 108 एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नए वित्तीय वर्ष के पहले दिन जांजगीर चांपा जिले को आधा दर्जन नई संजीवनी 108 एम्बुलेंस की सौगात मिली है। आधुनिक तकनीकों से लैस छहों एम्बुलेंस को जिले के जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार 1 अप्रैल को जिला चिकित्सालय-जांजगीर से पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े एवं जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मिरी द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित 6 एंबुलेंसो को रवाना किया गया। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जांजगीर चांपा जिले को छह नई 108 एम्बुलेंस मिली है। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता को लाभ मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगडे ने भी स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रहे विस्तार की सराहना की और एम्बुलेंस को रवाना करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत के अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मिरी ने भी इसे स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में सराहनीय कदम बताया। इसके पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिता श्रीवास्तव ने बताया कि एम्बुलेंस में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बी.पी. मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ई.सी.जी. मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाईजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। साथ ही गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांनतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 5 बेसिक लाईफ सपोर्ट और 1 एडवांस लाईफ सपोर्ट ऐंबुलेंस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त नवीन 108 एम्बुलेंस वाहनो को जनमानस की सेवा हेतु प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. कूजूर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी, अस्पताल प्रबंधक अंकित ताम्रकार तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि।

# नवीन पुलिस चौकी का आईजी ने किया शुभारंभ

## कानून व्यवस्था बनाने में होगी सहुलियत

### अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकर्रा में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने चौकी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सकर्रा में पुलिस चौकी खुलने के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाने के साथ अपराध नियंत्रण करने में सहुलियत होगी।

ज्ञात हो कि बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम सकर्रा में पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा स्थल का चयन कर सकर्रा में नवीन पुलिस चौकी की व्यवस्था की। जिसके फलस्वरूप 31 मार्च को चन्द्रपुर के विधायक रामकुमार यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। जिलाधीश अमृत विकास टोपनो तथा जांजगीर के पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय, सकर्रा सरपंच बरत लाल सूर्यवंशी, जनपद पंचायत के अध्यक्ष कवि वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल पटेल, क्षेत्र के जनपद सदस्य खीकबाई मनहरण कमलेश जिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि गबेल, जिला सदस्य पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खुटे, सक्ती के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी श्रीमती भुवनेश्वरी पैकरा, मालखरौदा थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत, नवीन चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक कृष्णकुमार राठौर तथा आसपास के थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे।



पुलिस चौकी सकर्रा का शुभारंभ करते आईजी रामगोपाल गर्ग

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बिर्रा में स्टेज प्रोग्राम 5 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा के केरा रोड संजय नगर में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय के सेवा केंद्र बिर्रा में 5 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से स्टेज प्रोग्राम कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

इस संबंध में बीके फिरतू राम साहू ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र बिर्रा में 5 अप्रैल दिन रविवार को स्टेज प्रोग्राम विश्वास एवं एकता के लिए आंतरिक गुणों की आवश्यकता विषय पर आधारित ज्ञान एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात आगंतुक सभी दीदी एवं भैया और उपस्थित सभी लोगों के लिए ब्रह्मा भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

## राष्ट्रीय गुणवत्ता आशवासन मानक मूल्यांकन में यूनिसेफ द्वारा प्रदान किया गया तकनीकी सहयोग

**मालखरौदा।** विकासखंड अंतर्गत आने वाले 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीहरिद, सपिया, सारसकेला, कुरदा, छपोरा एवं भठोरा में 12 मार्च से 19 मार्च तक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत आयोजित मूल्यांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुआ।

इस दौरान यूनिसेफ द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। यह सहयोग स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा मानकों के अनुरूप सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। मूल्यांकन अवधि के दौरान डॉ गजेंद्र सिंह स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ की टीम ने स्वास्थ्य संस्थान के स्टाफ को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सलाह प्रदान की। इसके अंतर्गत रिकॉर्ड प्रबंधन, मरीजों की देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण तथा सेवा प्रदायगी के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। डॉ मृत्युंजय राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी मालखरौदा ने यूनिसेफ के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का तकनीकी समर्थन भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीएमओ ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों तथा यूनिसेफ के सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया।



## 102वीं जयंती पर याद किए गए जननायक बिसाहूदास महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जननायक स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के 102 वी जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रशक्ति में अधिवक्ता राकेश महंत के संयोजकतत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में मरीजो को फल वितरण एवं जरूरत मंद वृद्ध महिलाओं को साड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत एवं सूरज चरण दास महंत ने उपस्थित होकर स्वर्गीय बिसाहू दास महंत प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पहार श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मरीज को फल बिस्कुट वितरित किया तथा जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरित किया। गायत्री मंदिर सक्ती को स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के स्मृति में एक घड़ी भेद किया गया जिस नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने गायत्री परिवार को अपने हाथों से प्रदान किया। अधिवक्ता राकेश महंत के संयोजकत्त्व में कचहरी परिसर शक्ति में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ राज्य अधिवक्ता परिषद के पूर्व सदस्य अधिवक्ता लीलाधर सिंह चंद्रा अधिवक्ता संदीप सिंह बनाफर पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शक्ति एवं अधिवक्ता राकेश महंत ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश महंत ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय बाबू बिसाहू दास महंत के बताएं सत्य के कठिन मार्ग में चलकर नेता प्रतिपक्ष दास महंत तथा उनके परिवार जनता का सेवा कर रहे हैं तथा आजीवन जनसेवा के लिए दृढ़ संकल्पित है। अधिवक्ता संघ शक्ति के पूर्व अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम सुंदर अग्रवाल संजय अग्रवाल पीयूष राय मनोज जायसवाल सूरित राम चंद्रा अधिवक्ता चितरंजय पटेल महेश अग्रवाल मनोज अग्रवाल हुलास चौहान प्यारेलाल पटेल अजीत सिंह छतरिय एवं अन्य अधिवक्तागण ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों अधिवक्ताओं अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



स्व. बिसाहूदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत

## हनुमान जन्मोत्सव पर मठ मंदिर में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

माता शबरी के धाम शिवरीनारायण में हनुमान जन्मोत्सव की जोरदार तैयारी, विश्व के दुर्लभ काले हनुमान जी के दर्शन को उमड़ती है। श्रद्धालुओं की भीड़शिवरीनारायण। धार्मिक नगरी एवं माता शबरी की पावन धरा शिवरीनारायण में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नगर के प्राचीन मठ मंदिर में स्थित विश्व के दुर्लभ काले हनुमान जी की पूजा-अर्चना को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और भक्ति आयोजनों की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।बताया जाता है कि काले हनुमान जी की प्रतिमा पूरे विश्व में केवल दो-तीन स्थानों पर ही विराजमान है, जिनमें से एक शिवरीनारायण के मठ मंदिर में स्थित है। इस दुर्लभ स्वरूप के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं।हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि शिवरीनारायण में स्थित काले हनुमान जी की महिमा अत्यंत अद्भुत है और यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हनुमान जन्मोत्सव के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।



### बहेराडीह में 3 को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा नवधा रामायण

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह उर्फ़ भदरीपाली में शुक्रवार 3 अप्रैल को हिन्दू समाज द्वारा अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। रविवार 12 अप्रैल को मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित किये जायेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले मानस मंडली को दस हजार रूपये से सम्मानित किया जायेगा। नवधा का शुभारम्भ गाँव में भव्य कलश यात्रा के साथ आचार्य पंडित मार्कण्डेय पाठक चांपा व सहयोगी आचार्य पंडित अर्जुन बैष्णव पिसौद के उपस्थिति में होगा। शुक्रवार 3 अप्रैल को अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच आचार्य पंडित मार्कण्डेय पाठक चांपा और सह आचार्य पंडित अर्जुन बैष्णव पिसौद द्वारा वेदी पूजन किया जायेगा। तत्पश्चात रविवार 12 अप्रैल को मानस विश्राम होगी और सोमवार 13 अप्रैल को हवन, सहस्त्रधारा, चढ़ोत्री एवं ब्राम्हण भोजन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। रविवार 12 अप्रैल को रात्रि 9 बजे मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित किये जायेंगे।

## दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के जीवन में आ रहा बदलाव




**राहौद।** पामगढ़ ब्लॉक में समाज सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है, जहाँ व्यापारी सेवा समिति राहौद द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों के विद्यालय में आवश्यक मॉडिफिकेशन कार्य कर उनके जीवन को सरल, सुरक्षित और सुगम बनाने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

इस कार्य के अंतर्गत बच्चों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, जिससे उन्हें शिक्षा प्राप्त करने और दैनिक गतिविधियों को सहज रूप से करने में काफी सहायता मिल रही है। इस पहल के परिणामस्वरूप विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि देखी जा रही है। समिति के सदस्यों ने पूरी संवेदनशीलता, समर्पण एवं सेवा भावना के साथ इस कार्य को पूर्ण किया, जो समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस सेवा कार्य की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि इसे नमो ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से देश के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" के लिए भेजा गया है। विशेष बात यह है कि यह पामगढ़ ब्लॉक का पहला ऐसा सेवा कार्य माना जा रहा है, जिसे इस राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में गर्व का

### छग प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 21वीं प्रांतीय सभा सम्पन्न

# ऊर्जा, उत्साह और एकजुटता का अद्भुत संगम "ऊर्जायनम"

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच की 21वीं प्रांतीय सभा सह लघुअधिवेशन "उर्जायनम" का भव्य एवं सफल आयोजन अकलतरा शाखा एवं अकलतरा जागृति शाखा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गाँधी की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में उन्होंने अपने एक वर्ष के कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आगामी वर्ष की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया ने कहा कि मंच देने की जगह है, लेने की नहीं, साथ ही उन्होंने प्रभावी नेतृत्व के गुणों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुलतानिया ने संगठन के वर्तमान स्वरूप एवं राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय सिंघानियां, दीपक सिंघानिया, रतन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मधु शर्मा, प्रशांत शर्मा, दिनदयाल अग्रवाल, ताराचंद अग्रवालतथा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर पोद्दार, जयकिशन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल,राष्ट्रीय सहायक मंत्री रोहित काबरा,राष्ट्रीय संयोजक राज अग्रवाल उपस्थित रहे। क्रांत अग्रवाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष दीपक सिंघनिया, सुमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पायल अग्रवाल फोरम सदस्य श्रवण अग्रवाल, रीना अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं प्रदेश की विभिन्न शाखाओं से सैकड़ों मंच साथी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।



**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 13 दिन | 4.00 | 52.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

